रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-127 REGISTERED NO. D. (D.N.) 127

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 26] नई दिल्ली, शुक्रवार, सितम्बर 29, 1989/आश्विन 7, 1911
No. 26] NEW DELHI, FRIDAY, SEPTEMBER 29, 1989/ASVINA 7, 1911

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

दी इन्स्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाअन्टेन्ट्स आफ इन्डिया

अधिसूचना

नई दिल्ली, 29 सितम्बर, 1989

(चार्टर्ड एकाउंटेन्ट्स)

संख्या 1-सी. ए. (5)/40/89. चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स अधिनियम 1949 की धारा 18 की उपधारा (5) के अनुसार 31 मार्च, 1989 को समाप्त हुए वर्ष के लिये परिषद के अंकेक्षित लेखा तथा प्रतिवेदन की एक प्रति सर्व साधारण की जानकारी हेतु एतद्द्वारा प्रकाशित की जा रही है।

31 मार्च, 1989 को समाप्त हुए वर्ष के लिये परिषद की 40 वी रिपोर्ट

इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इंडिया की परिषद को 1 अप्रैल, 1988 से 31 मार्च, 1989 की अवधि तक के लिये अपनी 40 वीं रिपोर्ट प्रस्तुत करने में हर्ष है। यह रिपोर्ट इंस्टीट्यूट की महत्वपूर्ण गतिविधियों, परिषद और इसकी अनेक समितियों, आयोजित किये गये गोष्ठियों एवं सम्मेलनों, वर्ष के दौरान आयोजित किये गये प्रशिक्षण के कार्यक्रमों एवं सदस्यों तथा विद्यार्थियों से संबंधित आवश्यक आंकड़ों पर प्रकाश डालती है। यद्यपि इस रिपोर्ट में सम्मलित अधिकांश सूचनाएं एवं जानकारी इसी अवधि से संबंधित है फिर भी सितम्बर 1989 तक की इंस्टीट्यूट की गतिविधियों का इसमें संक्षेप में वर्णन किया गया है।

इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स आफ इंडिया की स्थापना सन् 1949 में केन्द्रीय सरकार द्वारा, संसद के एक अधिनियम से, चार्टर्ड एकाउन्टैन्सी के व्यवसाय को नियमित करने हेतु की गई थी। इंस्टीट्यूट के मुख्य कार्य निम्न प्रकार से है :

(1) इंस्टीट्यूट की सदस्यता हेतु योग्यताओं का निर्धारण करना।

(2) इंस्टीट्यूट की सदस्यता हासिल करने हेतु निर्धारित परीक्षाओं का आयोजन करना।

(3) इंस्टीट्यूट की सदस्यता के लिये, प्रशिक्षण की व्यवस्था तथा इसका निर्धारण करना ।

(4) उन व्यक्तियों को इंस्टीट्यूट के सदस्य के रूप में पंजीकृत करना जिन्होंने कि प्रशिक्षण पूरा कर लिया हो तथा निर्धारित परीक्षाएं पास कर ली हो।

(5) विदेशी एकाउन्टैंसी निकायों की प्रशिक्षण तथा परीक्षा को मान्यता देना।

(6) सदस्यों के ऊपर अनुशासन का नियंत्रण करना तथा व्यवसायिक मानकों को लागू करना।

उपरोक्त वैधानिक कार्यकलापों के अलावा भी, इंस्टीट्यूट :

(1) व्यवसाय के लिये लेखांकन मानकों तथा आडिटिंग प्रैक्टिसों का निर्धारण करता है तथा इन मानकों को लागू करता है।

(2) एकाउन्टैंसी व्यवसाय से संबंधित अनेक विषयों पर जैसे कि कराधान, कंपनी कानून, आडिटिंग प्रेक्टिसेज तथा लेखांकन मानकों पर अनुसंधान करता है।

1. परिषद

1.1 परिषद और इसकी अनेक समितियों के सदस्य :—

13वीं परिषद, जिसका गठन 17 सितम्बर, 1985 को किया गया था, 16 सितम्बर, 1988 को भंग हो गई और 14 वी परिषद का गठन 17 सितम्बर 1988 से तीन वर्ष की अवधि के लिये किया था। वर्तमान परिषद, पांच क्षेत्रीय निर्वाचित क्षेत्रों से चुने गये इंस्टीट्यूट के 24 फैलो सदस्यों तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत 6 सदस्यों को सम्मिलित करते हुए बनी है।

दोनों परिषदों का समन्वय क्रमशः परिशिष्ट 1 और 2 में दिया गया है।

परिषद को अपने एक सदस्य श्री एम. एल. सिंघी की, जो कि 14 वी परिषद के लिये सितम्बर, 1988 में निर्वाचित हुए थे, 17 अगस्त 1989 को हुई दुखद एवं अचानक मृत्यु से काफी गहरा सदमा पहुंचा है। उन्होंने इससे पहले 12वी परिषद में वर्ष 1983-84 में सरकारी प्रतिनिधि के रूप में अपना योगदान दिया था।

रिपोर्ट वर्ष के दौरान श्री सिंघी कम्पनी कानून समिति के सदस्य, अनुसंधान समिति के उपाध्यक्ष और परीक्षा समिति के सदस्य थे। वह बहुत से निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र के कम्पनियों के निदेशक के रूप में जुड़े हुए थे।

1.2 अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष

श्री एम. के. दास गुप्ता 1 अप्रैल, 1988 से 17 सितम्बर, 1988 तक इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष के पद पर बने रहे। श्री के. जी. सोमानी ठीक इसी अवधि तक उपाध्यक्ष बने रहे। परिषद ने 17 सितम्बर 1988 से अपनी 136 वी बैठक में 17 सितम्बर, 1988 से एक वर्ष की अवधि के लिये श्री के. जी. सोमानी और श्री ए. एच. दलाल को क्रमशः अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्वाचित किया। परिषद श्री एस. के. दास गुप्ता द्वारा अध्यक्ष के रूप में तथा श्री के. जी. सोमानी द्वारा उपाध्यक्ष के रूप में की गई सेवाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा करती है।

1.3 सचिव

श्री आर. एल. चोपड़ा 30 सितम्बर, 1988 तक इंस्टीट्यूट के सचिव बने रहे। श्री चोपड़ा 36 साल की उत्कृष्ट सेवाओं के बाद सेवा निवृत्त हुए हैं। 1 अक्तूबर 1988 से श्री एम. सी. नरसिम्हन ने सचिव का पदभार संभाल लिया।

1.4 समितियां

चौदहवीं परिषद ने 17 सितम्बर, 1988 को हुई अपनी पहली बैठक में कार्यकारी समिति, परीक्षा समिति और अनुशासनात्मक समिति नामक तीन स्थायी समितियों का गठन किया। इसके अलावा कम्पनी कानून तथा कराधान इत्यादि मामलों से संबंधित अनेक समितियों का भी गठन किया है। इन समितियों की सूची और उनका समन्वय परिशिष्ट 3 में दिया गया है।

1.5 परिषद की बैठकें : वर्ष के दौरान परिषद की 6 बैठकें हुईं, जिनका विवरण निम्न प्रकार है :

बैठक संख्या	तिथियां	स्थान
133वीं	28, 29 व 30 अप्रैल, 1988	नई दिल्ली
134वीं	9 व 10 अगस्त, 1988	नई दिल्ली
135वीं	13, 14, 15 और 16 सितम्बर, 1988	नई दिल्ली
136वीं	17 सितम्बर, 1988	नई दिल्ली
137वीं	15, 16 व 17 दिसम्बर, 1988	नई दिल्ली
138वीं	9, 10 व 11 मार्च, 1988	अहमदाबाद

1.6 आडिटर

रिपोर्ट वर्ष की अवधि के लिये श्री एम. आर. वेंकटरामन एवं श्री सी. पी. मेहरा को पुनः आडिटर नियुक्त किया गया।

2. अन्तर्राष्ट्रीय संबंध

2.1 अन्तर्राष्ट्रीय लेखापालों का संघ (आई.एफ.ए.सी.)

सन् 1977 से भारत अन्तर्राष्ट्रीय लेखापालों के संघ का एक सदस्य है। रिपोर्ट वर्ष के दौरान इंस्टीट्यूट के एक भूतपूर्व अध्यक्ष श्री ए. सी. चक्रवर्ती, आई. एफ. ए. सी. की परिषद में इंस्टीट्यूट का प्रतिनिधित्व करते रहे। श्री पी. ए. नायर एवं श्री आर. बालाकृष्णन, इंस्टीट्यूट के भूतपूर्व अध्यक्ष, क्रमशः आई. एफ. ए. सी. की शिक्षा समिति एवं आडिटिंग प्रैक्टिसेज समिति में प्रतिनिधित्व करते रहे। आई. एफ. ए. सी. की परिषद की एक बैठक 14 व 15 नवम्बर, 1988 को नई दिल्ली में हुई। बैठक में 36 सदस्यों तथा उनके तकनीकी सलाहकारों ने भाग लिया। इंस्टीट्यूट अन्तर्राष्ट्रीय लेखांकन मानक समिति का भी सदस्य है। श्री एम. के. दासगुप्ता, इंस्टीट्यूट के एक भूतपूर्व अध्यक्ष, आई. एफ. ए. सी. एवं आई. ए. एस. सी. के बीच संबंधों का पुनर्लोकन करने वाले कार्य दल के सदस्य बने रहे।

2.2 एशियाई एवं प्रशान्तीय लेखापालों का संघ

इंस्टीट्यूट, एशियाई एवं प्रशान्तीय लेखापालों का संघ (कापा) का सन् 1976 में इसकी स्थापना से सदस्य है। भारत अपने सहयोगी इंस्टीट्यूट यानी कि इंस्टीट्यूट आफ कॉस्ट एवं वर्क्स एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया के द्वारा कापा की शिक्षा समिति में प्रतिनिधित्व करता रहा है। इंस्टीट्यूट, 12 वी कापा सम्मेलन में जिसका आयोजन 17 से 20 सितम्बर, 1989 को सियोल, कोरिया में किया जा रहा है, भाग लेने के लिये एक प्रतिनिधि मण्डल भेज रहा है। इंस्टीट्यूट के एक भूतपूर्व अध्यक्ष श्री एम. के. दासगुप्ता "सार्वजनिक क्षेत्र के लेखांकन संबंधी मामले" नामक पेपर पर कमन्टेटर का कार्य कर रहे हैं।

2.3 दक्षिण एशियाई लेखापालों का संघ (साफा)

इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया, साफा, जिसकी स्थापना सन् 1984 में की गई थी, के संस्थापक सदस्यों में से एक है। श्री के. जी. सोमानी, अध्यक्ष, साफा की असेम्बली में इंस्टीट्यूट का प्रतिनिधित्व कर रहे है। श्री ए. एच. दलाल, उपाध्यक्ष साफा देशों में कराधान के ऊपर कार्य दल के संयोजक है।

26 अक्तूबर, 1988 को साफा असेम्बली की एक बैठक, काठमांडू, नेपाल में हुई। कथित बैठक में यह बताया गया है कि माननीय नेपाल सरकार द्वारा इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ नेपाल की स्थापना करने हेतु उचित सिफारिशों एवं वैधानिक मसविदा तैयार करने हेतु एक अध्ययन दल का गठन किया गया है। बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक भारत में 3 वर्ष के लिये साफा सचिवालय की स्थापना करना है।

25 जनवरी, 1989 को बम्बई में हुई साफा असेम्बली की बैठक में, इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एवं वर्क्स एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया के श्री कल्याणारमन को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया और इंस्टीट्यूट आफ कास्ट एवं मैनजमैंट एकाउन्टैन्ट्स आफ पाकिस्तान के श्री म्याति मुमताज अब्दुल्ला को वर्ष 1989 के लिये साफा का उपाध्यक्ष चुना गया।

30 मई, 1989 को इस्लामाबाद, पाकिस्तान में हुई असेम्बली की बैठक में, इंस्टीट्यूट ने साफा देशों में कराधान पर तुलनात्मक अध्ययन पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। श्री के. जी. सोमानी अध्यक्ष श्री ए. एच. दलाल, उपाध्यक्ष, श्री एस. वी. नरसिम्हन, सचिव एवं श्री कमल गुप्ता, तकनीकी निदेशक ने बैठक में भाग लिया।

इस्लामाबाद में, साफा असेम्बली की बैठक के साथ ही, पाकिस्तान की दोनों लेखांकन निकायों द्वारा संयुक्त रूप से "साफा देशों में कार्पोरेट रिपोर्टिंग" के ऊपर एक गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में बम्बई से परिषद के एक भूतपूर्व सदस्य श्री एच. एम. दमानिया ने "साफा देशों में कार्पोरेट" रिपोर्टिंग के ऊपर एक पेपर प्रस्तुत किया।

3. व्यावसायिक विकास :

3.1 सामान्य

निम्नलिखित पैराग्राफों में इंस्टीट्यूट की व्यावसायिक विकास की गतिविधियों का सारांश जिन्हें कि परिषद अनेक अस्थाई समितियों के द्वारा पूरा किया गया, दिया गया है। क्षेत्रीय परिषदों तथा शाखाओं की गतिविधियों का विवरण इसमें शामिल नहीं है क्योंकि इनकी गतिविधियों का विवरण इन निकायों की रिपोर्ट में किया गया है।

3.2 लेखांकन मानक बोर्ड :

3.2.1 मई 1977 में अपनी स्थापना से, लेखांकन मानक बोर्ड निम्नलिखित 11 मानक जारी कर चुका है। ये इस प्रकार हैं:

लेखांकन नीतियों का भेद—प्रकाशन	(ए. एस.-1)
चल-समितियों का मूल्यांकन	(ए. एस.-2)
वित्तीय स्थिति में परिवर्तन	(ए. एस.-3)
तुलन-पत्र तिथि के बाद घटित आकस्मिता एवं घटना	(ए. एस.-4)
पूर्व अवस्था एवं असाधारण सामग्री एवं लेखांकन नीतियों में परिवर्तन	(ए. एस.-5)
मूल्यह्रास लेखांकन	(ए. एस.-6)
निर्माण ठेकों के लिये लेखांकन	(ए. एस.-7)
अनुसंधान एवं विकास हेतु लेखांकन	(ए. एस.-8)
राजस्व मान्यताएं	(ए. एस.-9)
स्थाई सम्पत्तियों के लिये लेखांकन	(ए. एस.-10)
विदेशी मुद्रा दरों में परिवर्तन के प्रभाव पर लेखांकन	(ए. एस.-11)

अंतिम मानक (ए. एस.-11) को वर्तमान वर्ष में जारी किया गया।

3.2.2 लेखांकन मानकों को लागू करना

लेखांकन मानकों को लागू कराने के अपने प्रयत्नों के अनुसार सितम्बर, 1987 में इंस्टीट्यूट की परिषद ने अपनी 120वीं बैठक में निर्णय लिया है कि "तुलन-पत्र की तिथि के बाद आकस्मिकता एवं घटना" पर ए. एस. 4 एवं "पूर्व अवस्था एवं असाधारण सामग्री एवं लेखांकन नीतियों में परिवर्तन" पर ए. एस. 5, जिन्हें कि इंस्टीट्यूट ने जारी किया है, 1-1-1987 को या उसके बाद की अवधि के लेखाओं के मामले में आदेशात्मक माना जाय। अन्य मानकों को भी समयबद्ध ढंग से आदेशात्मक करने का विचार है। लेखांकन मानकों की उपयोगिता को विस्तृत रूप से विज्ञापित करने की दृष्टि से अनेक संस्थाओं में एक विज्ञापन पुस्तिका को बांटा गया है।

3.2.3 निम्नलिखित लेखांकन मानकों का मसविदा, विभिन्न स्तरों पर बोर्ड के विचाराधीन है:

—परकारी अनुदान के लिये लेखांकन

—निवेशों के लिये लेखांकन

—मिश्रणों के लिये लेखांकन

—नियोजकों के वित्तीय विवरणों में अवकाश प्राप्त लाभों के लिये लेखांकन

—खण्ड (भाग) द्वारा वित्तीय सूचनाओं का वर्गीकरण।

आय में करों के लिये लेखांकन

3.3 आडिटिंग प्रैक्टिसेज समिति :

3.3.1 वर्ष के दौरान परिषद ने समिति के द्वारा निर्मित स्टैंडर्ड आडिटिंग प्रैक्टिसेज पर निम्नलिखित स्टेटमैंट्स को प्रकाशन हेतु अपनी सहमति दे दी है:—

(अ) स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रैक्टिसेज पर स्टेटमैंट (एस. ए. पी.-7) "आंतरिक लेखा परीक्षक के कार्य पर आश्रित रहना"

(ब) स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रैक्टिसेज पर स्टेटमैंट (एस. ए. पी.-9) "लेखा परीक्षा योजना।"

(स) "निर्माण करने वाली एवं अन्य कम्पनियों के (लेखा परीक्षाओं की रिपोर्ट) (आदेश 1988 पर स्टेटमैंट।

3.3.2 निम्नलिखित विषयों पर स्टैण्डर्ड आडिटिंग प्रैक्टिसेज पर स्टेटमेंट एवं मार्ग दर्शक पत्र निर्माण के विभिन्न अवस्थाओं में है:—

—दूसरे लेखा परीक्षक के काम का प्रयोग करना

—संयुक्त लेखा-परीक्षाओं की उत्तरदायित्व।

—विश्लेषण संबंधी पुनर विचार

—एक विशेषज्ञ के कार्य का प्रयोग करना

—एक ई. डी. पी. वातावरण में लेखा परीक्षण

—चालू सम्पत्तियों की लेखा परीक्षा

—ऋणी, ऋणों एवं अग्रिमों की लेखा परीक्षा

3.4 अनुसंधान समिति :

3.4.1 इंस्टीट्यूट की अनुसंधान समिति ने वर्ष को दौरान निम्नलिखित मार्गदर्शक पत्र जारी किये गये:—

(अ) पट्टे के लिये लेखांकन पर मार्गदर्शक पत्र

(ब) सीमा शुल्क के लिये लेखांकन व्यवहार पर मार्ग दर्शक पत्र (संशोधित)।

3.4.2 अनुसंधान समिति ने अनेक विषयों पर अध्ययन कार्य किया तथा इसमें उन्नति विभिन्न अवस्थाओं में है। यहां पर विशेष रूप से किये गये विषयों पर अध्ययन का वर्णन किया जा रहा है।

इनमें से मुख्य हैं बोनस अधिनियम, 1965 का भुगतान, कम्पनियों के लिये मूल्यह्रास पर लेखांकन और अनेक उद्योगों जैसे कि आटोमोबाइल, दवाइयां, तथा औषधियां निर्माण संबंधी, कागज, चीनी, होटल एवं आटोमोबाइल टायर इत्यादि के लिये लेखांकन एवं आडिटिंग प्रैक्टिसेज। वर्ष के दौरान अनुसंधान समिति ने लेखांकन एवं लेखा परीक्षण पर पत्रों एवं मानकों के एक संग्रह के स्थान पर दो अलग-अलग संग्रह तैयार किये गये तथा उन्हें प्रकाशित किया गया। इनमें से एक लेखांकन पर पत्रों एवं मानकों का संग्रह तथा दूसरा लेखा परीक्षण पर पत्रों एवं मानकों का संग्रह है।

3.4.3 पिछले वर्ष की भांति, वर्ष 1987-88 के लिये भी इंस्टीट्यूट ने, कम्पनियों एवं गैर-वित्तीय निगमों द्वारा प्रस्तुत लेखाओं में सर्वोत्तम ढंग से प्रस्तुत लेखा का पुरस्कार प्रदान किया। ऑयल इंडिया लिमिटेड को सर्वोत्तम वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखा के लिये रजत शील्ड प्रस्तुत की गई। निम्नलिखित कम्पनियों को प्रशस्ति पट्टिकाएं प्रदान की गई:

—भूतानियां इण्डस्ट्रीज लिमिटेड
—इंडियन पैट्रोकैमिकल्स कॉरपोरेशन लिमिटेड
—मद्रास रिफाइनरीज लिमिटेड

बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं में से भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को सर्वोत्तम घोषित किया गया।

3.5 व्यावसायिक विकास समिति :

3.5.1 राष्ट्रीयकृत बैंकों तथा इनकी शाखाओं एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के आडिट से संबंधित प्रतिक्षा सूची तैयार करने संबंधी तरीका एवं अन्य बातें :—

समिति ने, इंस्टीट्यूट के प्रैक्टिस कर रहे सदस्यों से, निर्धारित मार्ग दर्शक सिद्धांतों के अनुसार वर्ष 1989-90 के लिए सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों तथा उनकी शाखाओं का लेखा परीक्षण जिसमें कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा इनकी शाखाओं का भी केन्द्रीय वैधानिक लेखा परीक्षण भी सम्मिलित है के लेखा परीक्षण से संबंधित, निर्धारित प्रपत्र पर लेखा परीक्षकों की प्रतिक्षा सूची तैयार करने से संबंधित सूचनाएं एकत्रित करने के मामलों तथा अन्य मामलों को लेकर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। इस प्रकार सदस्यों से उचित प्रपत्र पर एकत्रित सूचनाओं को हमारे बम्बई कार्यालय में कम्प्यूटराइज्ड किया जायेगा। लेखा परीक्षण के वितरण की सुविधा हेतु इस प्रकार तैयार की गयी प्रतिक्षा सूची को दिसम्बर 1989 के अन्त तक उचित अधिकारियों को सौंप दिया जायेगा। सदस्यों से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर, समिति ने प्रतिक्षा सूची तैयार करने से संबंधित अनेक मामलों पर अधिकारियों से विचार-विमर्श किया।

3.5.2 अध्यक्ष, राजस्थान, गुजरात तथा मध्य प्रदेश के राज्यपालों तथा आन्ध्र प्रदेश और कर्नाटक के मुख्य मंत्रियों तथा अनेक राज्य सरकार के उच्च अधिकारियों से मिले तथा उन्हें इस बात से अवगत कराया कि इंस्टीट्यूट के सदस्य किस प्रकार राज्य सरकारों को मदद कर सकती है। विशेषतया राज्य अधिकारियों को लेखा प्रस्तुत करने में होने वाली देरी को कम करने में।

3.5.3 वर्ष 1989 के लिये सतत शिक्षा कार्यक्रम :

वर्ष 1989 में सतत शिक्षा कार्यक्रम के एक भाग के रूप में क्षेत्रीय परिषदों के सहयोग से, क्षेत्रीय कार्यालयों, शाखाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण शहरों में बैंकों का चालू/जांच/राजस्व लेखा परीक्षा से संबंधित अनेक मामलों पर विचार विमर्श करने हेतु अनेक गोष्ठियों का आयोजन किया गया। तकनीकी निदेशालय द्वारा एकीकृत एवं विस्तृत बैकग्राउन्ड सामग्री तैयार की गई तथा भाग लेने वालों में बांटी गई।

क्षेत्रीय परिषदों के सहयोग से सामान्य बीमा कम्पनियों तथा जीवन बीमा निगम के लेखा परीक्षा से संबंधित अनेक मामलों पर विचार-विमर्श करने हेतु गोष्ठियों की एक श्रृंखला आयोजित की गई।

3.5.4 बैंकिंग उद्योगों में रोजगार में लगे हुए सदस्यों द्वारा महसूस तौर तरीके संबंधी कठिनाइयों को दूर करने हेतु समिति ने बैंकिंग विभाग भारतीय रिजर्व बैंक तथा भारतीय बैंक संघ से विचार-विमर्श किया। जांच तथा शाखा लेखा परीक्षण हेतु दिया जाने वाले पारितोषिक को समय-समय पर उचित रूप से संशोधित करने हेतु प्रयत्न जारी रहे।

3.6 उद्योगों में सदस्यों हेतु समिति :

रिपोर्ट वर्ष के दौरान, इंस्टीट्यूट ने निम्नलिखित पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया :—

(1) 24 से 28 मार्च, 1989 के बीच शिलांग में उद्योगों में लगे वित्त एवं लेखा कार्यपालकों के लिये आवासीय पाठ्यक्रम, जिसमें की निजी तथा सार्वजनिक क्षेत्र के 27 वरिष्ठ कार्यपालकों ने भाग लिया।

(2) 23 व 24 जुलाई, 1989 को बंगलौर में संयुक्त प्रबन्ध लेखांकन पर सम्पूर्ण भारतीय सम्मेलन, जिसमें की लगभग 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन का उद्घाटन माननीय श्री एम. अरुणाचलम, केन्द्रीय औद्योगिक विकास राज्य मंत्री ने किया था।

3.7 कम्पनी कानून समिति :

3.7.1 इंस्टीट्यूट ने 8 से 12 जून, 1989 के बीच श्रीनगर में कराधान तथा कम्पनी कानून पर 12वां आवासीय पाठ्यक्रम का आयोजन किया। इसमें उद्योगों तथा व्यवसाय से 34 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

3.7.2 इंस्टीट्यूट ने कम्पनीज अधिनियम के अनुभाग 56 में संशोधन के उद्देश्य के लिये नियमावलियों का संक्षिप्त फार्म का मसविदा तैयार किया तथा इसे कम्पनी कार्य विभाग के विचार हेतु सुपुर्द कर दिया है। कम्पनीज अधिनियम के अनुभाग 219 में संशोधन के परिणाम स्वरूप इंस्टीट्यूट में तुलनपत्र तथा लाभ एवं हानि खाते को कंपनियों द्वारा अंश धारकों को भेजने हेतु एक संक्षिप्त फार्म तैयार किया और इसे कंपनी कार्य विभाग के सुपुर्द किया। इसी के आधार पर कंपनी कार्य विभाग ने इसे अंतिम रूप दे दिया है।

3.7.3 कम्पनी कानून समिति ने 'बीमार औद्योगिक कंपनियां (विशेष व्यवस्था) अधिनियम" की व्यवस्थाओं का अध्ययन का काम किया, जो कि व्यवसाय के लिये अत्यन्त लाभकारी है।

3.8 कराधान समिति :

3.8.1 27 से 28 अगस्त 1988 को समिति ने जयपुर में कराधान एवं कंपनी कानून पर 20वीं सम्पूर्ण भारत गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी का उद्देश्य था "कारपोरेट एवं कराधान कानून बदलते दृश्य"। गोष्ठी का उद्घाटन राजस्थान के माननीय राज्यपाल महोदय ने किया। गोष्ठी में महत्वपूर्ण व्यक्तियों के भाग लेने से इसमें काफी लोगों ने भाग लिया। व्यापारिक आय पर कराधान लेखांकन मानकों की मान्यता प्रबन्धकीय पारितोषिक मूल्यह्रास एवं इन्टर-कारपोरेट जमा मूल्यह्रास एवं निवेश जमा इत्यादि जैसे विषयों पर विचार विमर्श किया गया। गोष्ठी के अंतिम सत्र में राजस्थान उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायधीश मुख्य अतिथि थे।

3.8.2 कराधान एवं कम्पनी कानून पर बारहवें आवासीय पाठ्यक्रम का आयोजन 8 जून से 12 जून तक श्रीनगर में सेन्टूर लेक व्यू होटल में किया गया। देश के विभिन्न भागों से 34 प्रतिनिधियों ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया। सदस्यों द्वारा अधिक संख्या में इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित

गोष्ठियों में भाग लेने के लिये प्रयत्न किये गये हैं। इस बात के प्रयास किये जा रहे हैं कि कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु शुल्क मध्यम श्रेणी में सुरक्षित हों।

3.8.3 अहमदाबाद गोष्ठी

कराधान एवं कंपनी कानून पर 21वीं सम्पूर्ण भारत गोष्ठी का आयोजन 4 से 6 अगस्त 1989, को अहमदाबाद में किया गया। गोष्ठी का उद्घाटन गुजरात के राज्यपाल माननीय श्री आर. के. त्रिवेदी ने किया तथा इसमें लगभग 670 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। गोष्ठी में छः तकनीकी सत्र थे इनमें से चार कराधान को समर्पित तथा दो कम्पनी कानून से संबंधी विषयों पर थे। श्री ओ. पी. भारद्वाज सदस्य, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर मण्डल श्री पी. ए. नायर, इंस्टीट्यूट के भूतपूर्व अध्यक्ष, श्री एन. सी. एस. राघवन और श्री वी. के. बक्सी, केन्द्रीय एक्साइज एवं कस्टम के कलक्टर ने कराधान के सत्रों की अध्यक्षता की तथा न्यायमूर्ति श्री जे. दीवान, गुजरात उच्च न्यायालय के सेवा निवृत्त मुख्य न्यायाधीश तथा कम्पनी कार्य विभाग के संयुक्त सचिव श्री सी. आर. सुंदर राजन ने कम्पनी कानून से संबंधित सत्रों की अध्यक्षता की। व्यवसाय से महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने रेपोटियर एवं पेपर राइटर का काम किया।

शिलान्यास इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संयुक्त महा-निदेशक श्री रमनीकलाल एच. अम्बानी ने स्वागितवाचनिक संदेश दिया।

3.8.4 केन्द्रीय बजट

इंस्टीट्यूट के केन्द्रीय वित्त मंत्री वित्त राज्य मंत्री एवं मंत्रालय के संबंधित अधिकारियों को 30 जनवरी 1989 को पूर्व बजट ज्ञापन प्रस्तुत किया।

18 जनवरी, 1989 को इन्स्टीट्यूट का एक प्रतिनिधि मण्डल जिसमें कि श्री के.जी. सोमानी अध्यक्ष श्री ए.एच. दलाल उपाध्यक्ष श्री एन.सी. सुन्दरराजन कराधान समिति के सभापति और अन्य शामिल है वित्त मंत्री से मिले तथा इंस्टीट्यूट द्वारा प्रस्तुत पूर्व बजट ज्ञापन तथा प्रत्यक्ष कर नियम (संशोधन) बिल 1988 पर प्रस्तुत ज्ञापन के मुख्य पहलुओं पर प्रकाश डाला। विचार विमर्श के दौरान केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर मण्डल के सभापति तथा बोर्ड के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। वित्त मंत्री के निमंत्रण पर इन्स्टीट्यूट के अध्यक्ष ने 23 जनवरी 1989 को वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित पूर्व बजट विचार-विमर्श बैठक में भाग लिया।

10 अप्रैल 1989 को इंस्टीट्यूट का बजट के उपरान्त का ज्ञापन वित्त मंत्री, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन (सभापति) तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को प्रस्तुत किया गया।

3.8.5 14 दिसम्बर, 1988 को इंस्टीट्यूट ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को देश में एक स्वतंत्र कर आयोग की स्थापना की आवश्यकता पर एक स्मारक पत्र प्रस्तुत किया।

3.8.6 इंस्टीट्यूट ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को, कम्पनियों द्वारा लेखांकन की आकुरल पद्धति की नीति को अपनाने के कारण होने वाली कठिनाइयों की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए एक ज्ञापन प्रस्तुत किया। उचित विज्ञापन जारी करने तथा कर निर्धारक अधिकारियों को यह सलाह देने के लिये कि लेखांकन पद्धति में परिवर्तन को लागू करने के परिणामस्वरूप, 2 वर्ष तक की अवधि के लिये, जिस मामले में उचित हो, अतिरिक्त कर देयता को किश्तों में स्वीकार किया जाय, के लिये प्रार्थना की गई।

3.8.7 इंस्टीट्यूट ने राजस्व सचिव को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया, इसमें उनका ध्यान, कम्पनी कार्य विभाग द्वारा जारी स्पष्टीकरण" कि कम्पनी अधिनियम की अनुसूची 14 में वर्णित मूल्यह्रास की दरों को न्यूनतम दरें माना जाये और केवल ऐसे मामलों में ही, जहां तकनीकी मूल्यांकन इससे उचित समझे, उंची दरें भी जायेंगी, की तरफ आकर्षित किया। चूंकि यह कदम आय कर के उद्देश्य के लिये सभी मामलों में, कम्पनियों को मूल्यह्रास की ऊंची दरें लेने से रोकता है। इस प्रकार अनुभाग 115 जे. की व्यवस्था से अतिरिक्त कर देयता शुरू हो जाती है। इस लिये ज्ञापन में प्रार्थना की गई है कि अनुभाग 115 जे. के उद्देश्य के लिये सभी मामलों में आय कर अधिनियम के अनुभाग 32(1) में वर्णित मूल्यह्रास की दरों को ही उचित माना जाये।

3.8.8 सरकार को एक और ज्ञापन दिया गया इसमें सरकार से सरकार से विनती की गई है कि व्यवसाय के अनुभवी एवं मुख्य सदस्यों को सैटलमैंट आयोग के सदस्यों के रूप में नियुक्त किया जाय।

3.8.9 आयकर अधिनियम की धारा 32 ए.बी. के संदर्भ में उत्पन्न हुए कठिनाइयों एवं संदेहों के बारे में केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड को एक ज्ञापन भी दिया गया है। इसी प्रकार प्रत्यक्ष कर नियमावलियों (संशोधन) अधिनियम, 1987 और वित्त अधिनियम 1988 में परिवर्तनों के परिणामस्वरूप संबंधित फार्मों में संशोधन के लिये एक और ज्ञापन दिया गया।

3.8.10 इंस्टीट्यूट ने अनेक मंचों से अनेकों बार कम्पनी अधिनियम तथा आय कर अधिनियम में किये गये संशोधनों को मध्य नजर रखते हुए इन अधिनियमों की व्यवस्थाओं को अनुरूप करने की आवश्यकता पर बल देते हुए ज्ञापन दिया। इन व्यवस्थाओं को अनुरूप करने की आवश्यकता पर बल देते हुए ज्ञापन दिया। इन व्यवस्थाओं को अनुरूप करने की अति शीघ्र आवश्यकता को अनेकों बार वित्त मंत्री, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के सभापति तथा वित्त मंत्रालय, के अन्य अधिकारियों के साथ हुए विचार विमर्श के दौरान उनके ध्यान में लाया गया।

3.9 सतत व्यावसायिक शिक्षा समिति

3.9.1 गोष्ठियां एवं पाठ्यक्रम

रिपोर्ट वर्ष की अवधि के दौरान सदस्यों को लगातार शिक्षा उपलब्ध कराने के अपने प्रयत्नों में, समिति ने देश के विभिन्न भागों में अनेकों गोष्ठियों एवं पाठ्यक्रमों का आयोजन किया। इस प्रकार आयोजित किये गये गोष्ठियों एवं पाठ्यक्रमों का पूरा विवरण परिशिष्ट 4 में दिया गया है।

3.9.2 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के परिणाम

मई और नवम्बर, 1988 में संशोधित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत मैनेजमैंट एकाउन्टैन्सी कोर्स (भाग 1) की परीक्षाओं का आयोजन किया गया तथा नवम्बर, 1988 में कारपोरेट मैनेजमैंट तथा टैक्स मैनेजमैंट की परीक्षाओं का भी आयोजन किया गया। निम्नलिखित सारणियां मई और नवम्बर 1988 में आयोजित परीक्षाओं का सारांश प्रस्तुत कर रही हैं।

सारणी अ—मैनेजमैंट एकाउन्टैन्सी कोर्स (भाग – I)

समूह	मई 1988			नवम्बर 1988		
	कुल उम्मीदवारों की संख्या	उत्तीर्ण	प्रतिशत	कुल उम्मीदवारों की संख्या	उत्तीर्ण	प्रतिशत
1. दोनों समूह उत्तीर्ण—	22			19		
दोनों समूहों में		10	45		11	58
केवल 1 समूह में—		9			6	
केवल समूह 2 में*		2			2	
2. समूह 1 में	20	17	85	24	17	71
3. समूह 2 में	10	4	40	11	2	19

सारणी "ब" —कारपोरेट मैनेजमैंट एवं टैक्स मैनेजमैंट कोर्सेज (भाग I)
नवम्बर, 1988

समूह	कारपोरेट मैनेजमैंट कोर्स			टैक्स मैनेजमैंट कोर्स		
	कुल उम्मीदवारों की संख्या	उत्तीर्ण	प्रतिशत	कुल उम्मीदवारों की संख्या	उत्तीर्ण	प्रतिशत
1. दोनों समूह : उत्तीर्ण :	2			8		
दोनों समूह में		1	50		—	—
केवल समूह 1 में		—	—		3	—
केवल समूह 2 में		1			—	—
2. समूह 1	1	—	—	7	2	29
3. समूह 2	1	—	—	5	—	—

3.9.3 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए व्यवसायिक प्रशिक्षण

वर्ष के दौरान निम्नांकित प्रत्याशियों ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के भाग 2 के अनिवार्य व्यवसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अपने नाम को पंजीकृत किया ।

पाठ्यक्रम	पंजीकृत प्रत्याशियों की संख्या
मैनेजमैंट एकाउन्टैन्सी कोर्स	15
कारपोरेट मैनेजमैंट कोर्स	1
टैक्स मैनेजमैंट कोर्स	7

3.9.4 योग्यता छात्रवृत्ति

समिति ने मैनेजमेंट एकाउन्टेन्सी कोर्स के अन्तर्गत चालू योजना में वर्ष के दौरान 10 प्रत्याशियों को 500 रु. प्रत्येक के हिसाब से छात्र वृत्तियां प्रदान की। यह योजना कारपोरेट मैनेजमैंट कोर्स और टैक्स मैनेजमैंट कोर्स के लिए भी लागू कर दी है। वर्ष के दौरान कारपोरेट मैनेजमैंट कोर्स के 3 प्रत्याशियों और टैक्स मैनेजमैंट कोर्स के 2 प्रत्याशियों को 500 रु. के हिसाब से छात्रवृत्तियां प्रदान की गई।

3.9.5 प्रबन्ध एवं आर्थिक संग्रह

इंस्टीट्यूट प्रबन्ध तथा अर्थशास्त्र में समकालिक समस्याओं पर महत्व-पूर्ण लेखों के सारभूत अंशों को शामिल करते हुए प्रबन्ध एवं आर्थिक संग्रह प्रकाशित कर रहा है। सितम्बर 1988 से अब तक इस संग्रह के 4 अंक प्रकाशित किये जा चुके हैं। इस तिमाही प्रकाशन के औसतन 1200 प्रतियां 60 रु. के वार्षिक चंदे के हिसाब से वितरित की गई।

3.9.6 आन्तरिक कम्प्यूटर केन्द्र

इंस्टीटयूट के क्षेत्रीय कार्यालय में जैसे कि बम्बई, मद्रास, कलकत्ता, कानपुर और नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट के सदस्यों तथा विद्यार्थियों को अच्छी रचना के पाठ्यक्रमों की व्यवस्था हेतु आंतरिक कम्प्यूटर केन्द्र स्थापित किये हैं। दिल्ली से कम्प्यूटर केन्द्र ने रिपोर्ट वर्ष के दौरान अपना कार्य शुरू किया। गणकों से एक लेखाकार के रूप में व्यवसायिक कार्य लेने के लिए भाग लेने वाले को पूर्ण प्रशिक्षण देने हेतु एक तीन चरणीय प्रशिक्षण योजना तैयार की गई है। इन गणक केन्द्रों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के प्रति उत्साहवर्धक अनुभव प्राप्त हुआ है। सदस्यों तथा विद्यार्थियों के लिए आयोजित रचनाओं के अलावा ये केन्द्र सरकारी विभागों में अधिकारियों बैंकों तथा सार्वजनिक क्षेत्रों के प्रतिष्ठानों इत्यादि के लिए भी सीमित संख्या में आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। वर्ष के दौरान प्रशिक्षित किये गये व्यक्तियों की संख्याओं का विवरण परिशिष्ट 5 में दिया गया है।

3.10 दक्ष सलाहकार समिति

3.10.1 सितम्बर, 1988 में अपनी पिछली रिपोर्ट देने के बाद से समिति ने 53 शंका प्रश्न अपने विचार हेतु प्राप्त किये। समिति के पास 20 शंका प्रश्न पहले से ही विचाराधीन थे। इस रिपोर्ट अवधि के दौरान समिति ने 50 शंका प्रश्नों का समाधान कर दिया है।

3.10.2 "विचारों का संग्रह"—भाग 8, जिसमें कि सितम्बर, 1987 से सितम्बर 1988 तक समिति द्वारा प्रकट राय सम्मिलित है, उसमें विषय के अनुसार वर्ण माला क्रम में इससे पहले के 7 भागों में दी गई समिति की रायों की सूची पत्रीका भी सम्मिलित है, को बिक्री के लिए जारी कर दिया गया है।

3.11 आचार संहिता मानक समिति

3.1.11 संशोधित कोड ऑफ़ कनडक्ट

रिपोर्ट वर्ष के दौरान इंस्टीट्यूट ने सदस्यों एवं विद्यार्थियों के मार्गदर्शन हेतु कोड ऑफ कनडक्ट का (आठवां) संशोधित संस्करण जारी किया। यह कोड मुख्य रूप में चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों तथा उनके ग्राहकों नियोक्ताओं कर्मचारियों, साथी सदस्यों और सामान्य जनता के बीच संबंधों को नियमित करने हेतु आचार संहिता मानक का एक ग्रंथ है। किसी भी एकाउन्टेन्सी निकाय की आचार संहिता का मापदंड ईमानदारी, स्थूलता, स्वायत्तता, विश्वासपात्रता, उच्च तकनीकी स्तर, व्यावसायिक योग्यता और सबसे बढ़कर आचार संहिता संबंधी व्यापार पर आधारित होनी चाहिये। चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स अधिनियम, 1949 और इससे संलग्न अनुसूचियों में व्यवसाय के सदस्यों से अपेक्षित व्यवहारिक सिद्धान्तों को वर्णित किया गया है। इसके बावजूद भी इस अधिनियम को लागू किये जाने के 40 वर्षों में व्यवसाय के सदस्यों द्वारा अपने आप ही अनेक सिद्धान्त और लौकिक रीतियां स्थापित कर ली गई हैं जिन्होंने व्यवसाय द्वारा प्राप्त विश्वास एवं आदर को और भी बढ़ा दिया है। इंस्टीट्यूट की परिषद व्यवसाय के सम्मान को बनाये रखने के लिए इन सिद्धान्तों को शक्ति से लागू कर रही है। संशोधित चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स विनियम 1988, कोड ऑफ़ कनडक्ट को लागू कराने संबंधी परिषद के नवीन निर्णय, अनेकों कथनों और ऑडिटिंग प्रैक्टिसेज तथा लेखांकन मानकों को इस संशोधित कोड में वर्णित किया गया है।

3.11.2 पिछले वर्षों की भांति आचार संहिता मानक समिति कोड ऑफ़ कन्डक्ट की व्याख्या तथा व्यवसायिक आचार संहिता से संबंधित सदस्यों से प्राप्त अनेकों शंका प्रश्नों पर उचित रूप से सलाह देती रही है। विशेषतया समिति ने निम्नलिखित पहलुओं पर विचार किया तथा अपने विचार प्रकट किये :—

(अ) व्यापारिक बैंकिंग के क्षेत्र में, सेवाओं की रेन्ज जिसमें कि सदस्य अपनी सेवा दे सकते हैं के मामलों पर विचार करते हुए यह निर्णय लिया गया कि सदस्यों को सलाह देने संबंधी सेवाओं को प्रदान करने की अनुमति दी जाय लेकिन वास्तविक बैंकिंग कार्यकलापों की नहीं।

(ब) बीमार उद्योगों से संबंधित राज्य वित्तीय निगमों की योजना पर विचार करते हुए समिति ने निर्णय लिया कि सदस्य, औद्योगिक इकाइयों को फिर से कार्यशील बनाने हेतु निगमों को समस्त सेवाएं दे सकते हैं लेकिन वे बन्द की हुई फैक्टरियों तथा उनकी संपत्ति को खरीदने के लिये निवेशकों तथा बोली लगाने वाले प्रतिभूतकों के प्रवर्तक का कार्य नहीं कर सकते हैं। सदस्य केवल कार्य से कार्य के आधार पर उचित व्याव-सायिक सेवाएं ही प्रदान करेंगे तथा उसके लिये शुल्क प्राप्त करेंगे।

(स) कम्प्यूटर सोफ्टवेयरों की उपयोगिता संबंधी रिपोर्ट का मूल्यांकन करने की अनुमति देते समय समिति ने निर्णय लिया कि कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर की बिक्री को बढ़ावा देने के लिये सदस्यों को रिपोर्ट बनाना तथा उन्हें प्रकाशित करने का कार्य नहीं करना चाहिये।

3.12 विश्वविद्यालय सम्पर्क समिति

3.12.1 विश्वविद्यालयों के साथ संयुक्त गोष्ठियां

देश में अनेक विश्वविद्यालयों तथा इंस्टीट्यूट के बीच समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने के अपने प्रयत्नों में, वर्ष के दौरान इंस्टीटयूट ने निम्नलिखित विश्वविद्यालयों के साथ संयुक्त रूप से गोष्ठियों का आयोजन किया :—

(1) मंगलौर विश्वविद्यालय—वित्तीय लेखांकन एवं नियन्त्रण पर—27 से 29 मार्च, 1989 तक

(2) गोहाटी विश्वविद्यालय—समाज के बदलते पहलुओं में लेखांकन मानकों एवं चार्टर्ड एकाउन्टेन्टों का महत्व पर—8 अप्रैल 1989 को

(3) सौराष्ट्र विश्वविद्यालय—वाणिज्य शिक्षा और लेखांकन व्यवसाय पर—1 अगस्त, 1989 को।

(4) कानपुर विश्वविद्यालय—कराधान नीति एवं व्यवसायियों तथा विश्वविद्यालयों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर—12 अगस्त, 1989 को।

3.12.2 धन—समर्पण (इण्डोमैंट्स)

बी. कास. परीक्षाओं में एकाउन्टैन्सी पेपर में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक पुरस्कार देने के लिये, इंस्टीट्यूट ने 26 विश्वविद्यालयों को धन-समर्पण (इन्डोमैंटस) किया है। रिपोर्ट वर्ष के दौरान, मराठवाड़ा, कुरुक्षेत्र तथा जोधपुर विश्वविद्यालयों में इन्डो-मैंट्स स्थापित किये गये।

3.12.3 सी.ए. कोर्स को मान्यता

विश्वविद्यालय में पी.एच.डी. कार्यक्रमों के लिये चार्टर्ड एकाउन्टेन्सी कोर्स को मान्यता देने के लिये इंस्टीट्यूट ने अनेक विश्वविद्यालयों से अपना सम्पर्क बनाये रखा। वर्ष के दौरान छः विश्वविद्यालयों, जिनके नाम है, जियाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, नोर्थ बंगाल विश्वविद्यालय, दार्जिलिंग; देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर; काश्मीर विश्वविद्यालय श्रीनगर; पांडिचेरी विश्वविद्यालय, पांडिचेरी और गांधी जी विश्वविद्यालय, कोट्टायाम, ने पी.एच.डी. कार्यक्रम के लिये सी.ए. कोर्स को मान्यता देने वाले विश्वविद्यालयों की संख्या 37 तक पहुंच चुकी है। इस उद्देश्य के लिये सी.ए. कोर्स को अब तक मान्यता देने वाले विश्वविद्यालयों की सूची परिशिष्ट 6 में दी गई है।

3.12.4 सी.ए. पाठ्यक्रम का प्रसिद्धिकरण

विद्यार्थियों में सी.ए. पाठ्यक्रम को और अधिक प्रसिद्धिकरण के लिये समिति "बी केयर फ़ोर यू, इफ यू आर कैरियर कनसीयस" नामक प्रकाशन का प्रयोग करती रही।

4 अन्य मामले

4.1 इंस्टीट्यूट की वार्षिक बैठक

इंस्टीट्यूट की 39वीं वार्षिक बैठक, 15 सितम्बर, 1988 को तत्कालीन अध्यक्ष श्री एस. के. दासगुप्ता की अध्यक्षता में अशोक होटल कन्वेंशन हाल में हुई थी। इस समारोह में सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायाधीश एस. रंगानाथन मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि ने कम्पनियों तथा वित्तीय संस्थाओं को, जिन्होंने की सर्वोत्तम ढंग से प्रस्तुत लेखा का पुरस्कार जीता था, शील्ड एवं प्रशस्ति पट्टिकाएं प्रदान की। मुख्य अतिथि ने इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित परीक्षाओं में योग्यता प्राप्त विद्यार्थियों को पदक एवं पुरस्कार भी बांटे।

4.2 चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स अधिनियम और विनियम

1 जून, 1988 से चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स विनियम, 1964 को चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स विनियम, 1988 से बदल दिया गया है। चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स अधिनियम, 1949 तथा चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स विनियम, 1988 में आज तक के समस्त संशोधनों को सम्मिलित करते हुए दुबारा छपाया जा चुका है।

4.3 नये परीक्षा विनियम

शिक्षा एवं प्रशिक्षण पुनरावलोकन समिति की रिपोर्ट के परिणाम स्वरूप, स्नातकों के लिये प्रवेश परीक्षा के स्थान पर, इंस्टीट्यूट ने 10+2 की परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिये स्थापना परीक्षा का आयोजन करने का निर्णय लिया। इस परीक्षा के लिये विषय सूची का भी निर्धारण कर लिया गया है।

इण्टरमीडिएट एवं अंतिम परीक्षा की विषय सूची (पाठ्यक्रम) को भी संशोधित किया गया है। इंस्टीट्यूट ने संशोधित पद्धति एवं पाठ्यक्रमों में परीक्षाएं आयोजित करने के उद्देश्य के लिये विनियमों का मसविदा तैयार कर लिया है। इन विनियमों को 1989 के वर्ष में ही लागू किये जाने की आशा है।

4.4 नोएडा में नया भवन

इंस्टीट्यूट बड़े लम्बे समय से ही जगह की कमी की परेशानी महसूस कर रहा था। वर्ष के दौरान नोएडा में एक नये भवन का निर्माण कार्य शुरू किया गया। 65 लाख रुपये की अनुमानित लागत की इस भवन का निर्माण कार्य दिसम्बर, 1989 तक तैयार हो जाने की आशा है।

4.5 आन्तरिक कम्प्यूटर

इंस्टीट्यूट के काम को कम्प्यूटराइज्ड करने के उद्देश्य हेतु इस प्रणाली पर एक विस्तृत अध्ययन किया गया। इसी अध्ययन के आधार पर इंस्टीट्यूट के प्रधान कार्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के काम को कम्प्यूटराइज करने पर इंस्टीट्यूट विचार कर रहा है। इस प्रणाली से सदस्यों तथा विद्यार्थी को दी जाने वाली सेवाओं के स्तर में सुधार तथा गति में तीव्रता आने की आशा है।

वर्ष के दौरान इंस्टीटयूट का लेखा तथा वेतन स्लिपों को कम्प्यूटराइज करने हेतु कम्प्यूटरों की स्थापना की जा चुकी है। इंस्टीट्यूट ने एक लेजर-प्रिन्टर के साथ-साथ डैस्ट टोप पब्लिशिंग प्रणाली की स्थापना कर दी है। डैस्ट टोप पब्लिशिंग प्रणाली ने इंस्टीट्यूट के प्रकाशनों को जल्दी से जल्दी छपने की प्रक्रिया में काफी मदद की है। इस प्रणाली से प्रकाशित सामग्री के स्तर में भी काफी सुधार हुआ है। वर्ष के दौरान डी.टी.पी. विभाग ने सफलतापूर्वक छः स्टडीज तथा 3 प्रकाशन तैयार किये है।

4.6 पुस्तकालय

केन्द्रीय परिषद् की पुस्तकालय की सुविधा सदस्यों एवं विद्यार्थियों को वर्ष के दौरान भी जारी रही। वर्ष के दौरान नई दिल्ली स्थित पुस्तकालय में 473 और नई पुस्तकें जोड़ी गई, जिनको मिलाकर साल के अंत में कुल पुस्तकों की संख्या [illegible]823 तक पहुंच गई।

4.7 जरनल

4.7.1 जरनल को शैक्षणिक विश्व तथा सदस्यों के बीच कार्यशील सन्देश का माध्यम बनाने के अपने लगातार किये जा रहे प्रयत्नों के परिणामस्वरूप कुल मिलाकर सभी तरफ से जिसमें सामान्य स्वरूप तथा लेखों की सामग्री भी सम्मिलित है, आशातीत सुधार हुआ है। कारपोरेट निकायों में जरनल के सब्सक्रिप्शन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्तीय समाचार पत्रों में एक विज्ञापन भी छापा गया।

4.7.2 सम्पादकीय मण्डल ने चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट के अंक 37 (जुलाई 1988 से जून, 1989 तक) में प्रकाशित सर्वोत्तम लेखों को निम्नलिखित पुरस्कार देने का निर्णय लिया :—

मुख्य भाग

प्रथम पुरस्कार (1500 रुपये)	श्री एन. श्यामासुन्दरन, बंगलौर को उनके लेख "एडमाइजेबिलिटी आफ डिजाइन सर्विसेज एण्ड इंस्टालेशन चार्जेज" (मई, 1989 अंक में प्रकाशित) के लिये।
द्वितीय पुरस्कार (1000 रुपये)	श्री पी.एन. शाह, बम्बई को—उनके लेख "डायरेक्ट टैक्स लॉज—नीड फॉर फरदर एमैन्डमैंट्स" (अक्तूबर 1988 अंक में प्रकाशित) के लिये।
तृतीय पुरस्कार (500 रुपये)	श्री जोन्सन माइकल, त्रिचूर को उनके लेख "चिट फण्ड्स—एकाउंटिंग एवं आडिटिंग" (मार्च 1989 अंक मे प्रकाशित) के लिये।

विद्यार्थी भाग

प्रथम पुरस्कार (750 रुपये)	श्री के के. ठकराल, अम्बाला कैन्ट को उनके लेख "कन्ट्राक्यूटी" (अप्रैल 1989 अंक में प्रकाशित) के लिये।
द्वितीय पुरस्कार (500 रुपये)	श्री मधुसूदन अग्रवाल, दिल्ली को—उनके लेख "मर्जर एण्ड मीजर—सम इम्पोरटेंट प्रोविजन" (जुलाई 1988 अंक में प्रकाशित) के लिये।

4.7.3 व्यवसाय के विकास को बढ़ावा देने के अपने प्रयत्नों को एक भाग के रूप में, चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों से उपलब्ध सेवाओं के बारे में, आम जनता को शिक्षित करने हेतु, उन्नतिकारी विज्ञापनों की एक श्रंखला की योजना बनाई गई है इस श्रंखला में दो विज्ञापन इन्स्टीट्यूट के जनरल में प्रकाशित किये जा चुके हैं

4.8 जन-सम्पर्क

4.8.1 अध्यक्ष महोदय ने वर्ष के दौरान अनेक नीति निर्धायक मामलों पर इन्स्टीट्यूट के विचारों को व्यक्त करने तथा परिषद् द्वारा की गई अनेक गतिविधियों पर प्रकाश डालने हेतु बम्बई, मद्रास, अहमदाबाद, कलकत्ता, नई दिल्ली, बंगलौर, कानपुर, जयपुर और दुबई (यू.ए.ई.) में पत्रकार सम्मेलनों को संबोधित किया। इन सम्मेलनों में प्रस्तुत इन्स्टीट्यूट के विचारों को अनेक प्रसिद्धि प्राप्त समाचार पत्रों ने अपने अपने पत्रों में प्रकाशित किया व्यवसाय से संबंधित अनेक मामलों पर इन्स्टीट्यूट की टिप्पणियों समय-समय पर प्रैस नोट के माध्यम से प्रस्तुत की गई

4.8.2 व्यवसायिक उत्तरदायित्वता से संबंधित अनेक मामलों पर अहमदाबाद तथा तिरुवेन्द्रम दूरदर्शन केन्द्रों ने अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का साक्षात्कार किया। दिल्ली दूरदर्शन केन्द्र द्वारा प्रसारित एक साक्षात्कार में अध्यक्ष ने, चार्टर्ड एकाउन्टैन्सी पाठ्यक्रम की शिक्षा एवं प्रशिक्षण से संबंधित शर्तों पर बात की

4.9 बाहरी निकायों में प्रतिनिधित्व

इन्स्टीट्यूट अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय निकायों में प्रतिनिधित्व करता रहा है। इस प्रकार से प्रतिनिधित्व का विवरण इस रिपोर्ट की परिशिष्ट 7 में दिया गया है

4.10 महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ बैठकें :—

वर्ष के दौरान अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष अनेक महाविभूतियों से जिनमें कि केन्द्रीय मंत्री, सरकारी विभागों के अधिकारी और राज्यों के मुख्य-मंत्री शामिल हैं, से मिले अध्यक्ष ने गुजरात, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के राज्यपालों और आन्ध्र प्रदेश तथा कर्नाटक के मुख्य मंत्रियों से, इन राज्यों की अपनी यात्रा के दौरान मुलाकात की और उनके साथ अनेक राज्य सरकारों के प्रतिष्ठानों के लेखाओं को बनाने में चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों की भूमिका पर विचार-विमर्श किया। अध्यक्ष, भारत के सुरक्षा एवं विनिमय नियंत्रण बोर्ड बम्बई के अध्यक्ष से भी मिले और उनके साथ इन्स्टीट्यूट द्वारा जारी लेखांकन मानकों को लागू करने के उपायों पर विचार विमर्श किया। क्षेत्रीय केन्द्रों और शाखाओं की अपनी यात्रा के दौरान अध्यक्ष ने अवसर का लाभ उठाते हुए राज्यों के महत्वपूर्ण अधिकारियों के साथ व्यावसायिक महत्व के विषयों पर विचार विमर्श किया।

4.11 चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों का 12वां राष्ट्रीय सम्मेलन :

अपने अविछिन्न शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत परिषद् देश के विभिन्न भागों में 3 साल के अन्तराल में चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों का राष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करती है। परिषद् ने 28, 29 और 30 दिसम्बर 1989 को अगली (12वीं चार्टर्ड एकाउन्टैन्टों का राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाने का निर्णय लिया है। इस सम्मेलन का विषय है "व्यवसाय के लिए उभरते हुए क्षेत्र' श्री के.जी. सोमानी की अध्यक्षता में सम्मेलन आयोजित करने हेतु एक सम्मेलन समिति को नियुक्त किया है।

4.12 चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स परोपकारी कोष

दिसम्बर 1962 में अपनी स्थापना से चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स परोपकारी कोष जरूरतमंद व्यक्तियों को, जो इन्स्टीट्यूट के सदस्य थे और उनके आश्रितों के रख रखाव उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं और बिमारी के खर्चों की पूर्ति के लिए दी जाती है। इस कोष की आजीवन सदस्य संख्या 1-9-1988 में 4174 थी, जो कि बढ़कर 1-9-1989 को 4901 हो गयी है। वर्ष के दौरान जरूरतमंद व्यक्तियों के बीच 2,12,100 रुपया बांटा गया। 31-3-89 को इस कोष की बकाया राशि 30,57,458 थी जो कि इसकी तुलना में 31-3-88 को 26,87,280 थी।

4.13 एस. वैद्यनाथ अय्यर यादगार कोष

वर्ष 1988-89 के दौरान चार्टर्ड एकाउन्टैन्सी का कोर्स कर रहे विद्यार्थियों को 100 रु. प्रति महीने मूल्य की 60 छात्रवृत्तियां प्रदान की गई। 31-3-1989 को इस कोष की सदस्य संख्या 183 थी। कोष के खाते में 31-3-1989 को बकाया राशि 1,06,818 थी जो कि इसके विपरीत 31-3-1988 को 97,957 रुपये थी।

5. सदस्य

5.1 सदस्यता

वर्ष के दौरान इन्स्टीट्यूट ने 4083 नये सदस्यों को पंजीकृत किया जिससे कि 31-3-1989 को कुल सदस्य संख्या 53,134 हो गयी है। वर्ष के दौरान 2192 एसोसिएट्स सदस्यों को फैलों सदस्यों के रूप में पंजीकृत किया। पिछले वर्ष की तुलना में यह संख्या 1500 थी। सदस्यता का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है।

1-4-1989 को सदस्यों की संख्या

सदस्यों की श्रेणी	फैलो	एसोसिएट्स	कालम 2 और 3 का योग
1	2	3	4
पूर्णकालिक प्रक्टिस में	14,585	16,304	30,889
अंशकालिक प्रैक्टिस में	1,867	6,246	8,113
जो प्रैक्टिस में नहीं हैं	1,490	12,642	14,132
कुल योग	17,942	35,192	53,134

क्षेत्रों के अनुसार सदस्यों का विवरण परिशिष्ट 8 में दिया गया है।

5.2 मरे हुए सदस्य

परिषद् अपने एक सहयोगी सदस्य श्री एम.एल., मिधी, वर्तमान परिषद् के सदस्य जिनका निधन 17 अगस्त, 1989 को हुआ था गहरा दुःख व्यक्त करती है। परिषद् अपने दो भूतपूर्व केन्द्रीय परिषदों के सदस्यों, श्री पी.टी. सम्पथ कुमारन और श्री ए.सी. बासु जिनका निधन क्रमशः 25 दिसम्बर 1988 और 27 अप्रैल 1989 को हुआ था, पर गहरा दुःख व्यक्त करती है।

अहमदाबाद के जनदो 19 अक्तूबर, 1988 को बम्बई से अहमदाबाद जाने वाले विमान दुर्घटना में हुई इन्स्टीट्यूट के 8 सदस्यों के दुःखद निधन पर परिषद् शोक व्यक्त करती है। यह वर्ष के दौरान हुई अनेकों सदस्यों की मृत्यु पर भी गहरा दुःख व्यक्त करती है। मरे हुए सदस्यों के नामों की सूची परिशिष्ट 9 में दी गई है।

5.3 अनुशासनात्मक समिति

प्राप्त "शिकायतों" और "सूचनाओं" को जांच कर परिषद् को उसकी राय के लिए भेजा जाता है। यदि परिषद् पहली दृष्टि में सदस्य को दुराचार का दोषी पाती है तो मामले को अनुशासनात्मक समिति को जांच करने और रिपोर्ट के लिए अग्रसारित किया जाता है। जब अनुशासनात्मक समिति अपनी रिपोर्ट दे देती है तो उसके बाद अनुशासनात्मक

समिति की रिपोर्ट पर वादी और प्रतिवादी दोनों को अपना प्रतिवेदन भेजने का अवसर देने के बाद परिषद् इस पर विचार करती है। इसके बाद प्रतिवादी को दंड देने से पहले एक और अवसर दिया जाता है। जहां कहीं आवश्यक हो, परिषद् आगे की कार्यवाही के लिए मामलों को उच्च न्यायालयों को अग्रसारित करती है। वर्ष के दौरान परिषद् और अनुशासनात्मक समिति के आगे रखे गये मामलों का विवरण निम्न प्रकार से है

1. पहली दृष्टि की राय के लिये परिषद् के समक्ष रखे गये मामलों की संख्या	32
2. अनुशासनात्मक समिति की जांच के लिये अग्रसारित किये गये मामलों की संख्या . . .	17
3. अनुशासनात्मक समिति द्वारा विचार किये गये मामलों की संख्या	[illegible]
4. अनुशासनात्मक समिति द्वारा सुने गये मामलों की संख्या	20
5 परिषद द्वारा विचार किये गये अनुशासनात्मक समिति की रिपोर्ट की संख्या	26
6. ऐसे मामलों की संख्या जिनमें प्रतिवादियों को दोषी नहीं पाया गया	16
7. ऐसे मामलों की संख्या जिनमें प्रतिवादियों को दोषी पाया गया और उच्च न्यायालयों को अग्रसारित किया गया	4
8. ऐसे मामलों की संख्या जिनमें प्रतिवादियों को परिषद द्वारा दोषी पाया गया तथा दण्डित किया गया .	5
9. ऐसे मामलों की संख्या जिनमें अनुशासनात्मक समिति को पुनः रिपोर्ट देने के लिए अग्रसारित किया गया .	1

6. आर्टिकल्ड एवं आडिट क्लर्क

6.1 अध्ययन मण्डल

6.1.1 वर्ष के दौरान पंजीकृत किये गये विद्यार्थी की संख्या ने पिछले वर्ष की संख्या की तुलना में काफी वृद्धि की है जो कि निम्न तालिका से स्पष्ट है :

पाठ्यक्रम	1988-89	1987-88
इन्टरमीडिएट . .	13,990	12,753
फाइनल . . .	3,694	4,952

31 मार्च, 1989 को इंस्टीट्यूट के साथ पंजीकृत कुल विद्यार्थियों की संख्या 58,218 थी जो कि 31 मार्च, 1988 की संख्या की तुलना में 48,660 थी।

6.1.2 इंस्टीट्यूट अंतिम तथा इन्टरमीडिएट पाठ्यक्रम की परीक्षाओं हेतु क्षेत्रीय कार्यालयों तथा शाखाओं में अधिक गहरी संशोधन संवर्धी कक्षाओं का आयोजन करता रहा है।

6.1.3 वर्ष के दौरान इंस्टीट्यूट ने योग्य विद्यार्थियों को बड़ी संख्या में छात्रवृत्तियां प्रदान कीं। सी.ए. का कोर्स कर रहे जरूरतमंद तथा योग्य विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां प्रदान करने हेतु अनेक सदस्यों तथा संस्थाओं ने इंस्टीट्यूट को भिन्न-भिन्न राशियां दान में दी हैं।

प्रदान की गई छात्रवृत्तियां तथा इस छात्रवृत्ति कोष के लिये दिये गये धन के दानदाताओं के नामों का विवरण परिशिष्ट 10 में दिया गया है।

6.1.4 विद्यार्थियों को समय-समय पर मास्टर्स आन्सर्स उपलब्ध कराने हेतु बोर्ड ने पहली बार देश के 40 चुने हुए केन्द्रों में इनकी बिक्री का कार्य आरम्भ किया। बोर्ड ने परीक्षाओं को शुरू होने से काफी समय के पूर्व से ही रिवीजनल टैस्ट पेपर की बिक्री का कार्य प्रत्येक क्षेत्रीय केन्द्रों पर शुरू कर दिया। चूंकि इंस्टीट्यूट की प्रवेश परीक्षाओं के लिये किसी प्रकार का पत्राचार पाठ्यक्रम की व्यवस्था नहीं है फिर भी बोर्ड प्रवेश परीक्षा में बैठने वाले प्रत्याशियों को अध्ययन सामग्री तथा अन्य सहायता देता रहा है।

6.1.5 बोर्ड ने विद्यार्थियों के लिये एक "ओडियो शिक्षा" शुरू की है। इसके अन्तर्गत बोर्ड के फैकल्टी के सदस्यों, इंस्टीट्यूट के प्रमुख सदस्यों तथा विद्वानों द्वारा चुने गए विषयों पर वार्ता तथा लैक्चर्स ओडियो कैसेट में रिकार्ड किये जाते हैं। वर्ष के दौरान इस तरह के 14 कैसेट तैयार किये गये। इस योजना के प्रति छात्र का रवैया उत्साहवर्धक रहा है।

6.1.6 अध्ययन सामग्री का हिन्दी में अनुवाद

इंस्टीट्यूट ने एन्ट्रेंस इण्टरमीडिएट एवं फाइनल परीक्षा से संबंधित कुछ अध्ययन सामग्री, निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी अनुवाद ब्यूरो गृह मंत्रालय भारत सरकार को इस बात का पता लगाने के लिये भेजा है कि क्या वे इस सामग्री का हिन्दी में अनुवाद कर पायेंगे। निदेशक ने इस सामग्री का अनुवाद कर पाने में अपनी असमर्थता जाहिर करते हुए अध्ययन सामग्री को वापस कर दिया है। इंस्टीट्यूट अब दो निजि क्षेत्र के प्रकाशकों से अध्ययन सामग्री का हिन्दी में अनुवाद करने उसकी छपाई एवं प्रकाशन हेतु वार्तालाप कर रहा है।

6.2 रोजगार सहायता

इंस्टीट्यूट ने उन सभी विद्यार्थियों को जिन्होंने अपनी आर्टिकल्स का प्रशिक्षण पूरा कर लिया है तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा पास कर ली है, रोजगार संबंधी सहायता देने हेतु अपने प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय बम्बई, मद्रास, कलकत्ता, कानपुर और नई दिल्ली में रोजगार रजिस्टरों को वर्ष के दौरान भी बनाए रखा। वर्ष के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने इस सुविधा से लाभ उठाया। इस सुविधा से अधिक से अधिक लोग लाभ उठा सकें, इस योजना को उचित रूप से विज्ञापित किया जाता रहा है।

6.3 चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विद्यार्थियों का राष्ट्रीय सम्मेलन

26 और 27 अगस्त, 1988 को चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विद्यार्थियों का 7वां राष्ट्रीय सम्मेलन, हैदराबाद में आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन न्यायमूर्ति वाई.वी. अनजनेयुलर, सदस्य भारतीय कानून आयोग ने किया था। सम्मेलन में 500 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री पी. शिव शंकर ने स्वस्तिवाचनिक सम्बोधन दिया।

7. परीक्षाएं

7.1 देश के लगभग 44 केन्द्रों में चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स प्रवेश इण्टरमीडिएट एवं फाइनल परीक्षाओं का आयोजन मई 1988 तथा नवम्बर 1988 में किया गया। इन परीक्षाओं के परिणाम का सारांश जो कि इनमें बैठे हुए कुल उम्मीदवारों की संख्या इन परीक्षाओं में सफल घोषित किये गये प्रत्याशियों की संख्या प्रदर्शित करती है निम्न तालिका में दिया गया है।

प्रवेश परीक्षा

महीना एवं परीक्षा वर्ष	बैठे हुए कुल उम्मीदवारों की संख्या	सफल उम्मीदवारों की कुल संख्या	सफलता का प्रतिशत
मई 1988	1935	232	11.99
नवम्बर 1988	5175	830	16. 4

इन्टरमीडिएट एवं फाइनल परीक्षाएं, 1988

	इन्टरमीडिएट		फाइनल	
	मई	नवम्बर	मई	नवम्बर
समूह 1 :				
—बैठे हुए कुल उम्मीदवारों की संख्या	11,373	17,136	8,538	7,275
—उत्तीर्ण घोषित किये गये उम्मीदवारों की संख्या	1,952	4,719	2,186	2,608
—सफलता का प्रतिशत	13.58	27.54	25.60	35.86
समूह 2				
—कुल उम्मीदवारों की संख्या	12,641	14,475	8,008	7,369
उत्तीर्ण घोषित किये गये उम्मीदवारों की संख्या	1,670	2,104	1,856	2,073
—सफलता का प्रतिशत	13.21	14.54	23.18	28.13
दोनों समूह :				
—कुल उम्मीदवारों की संख्या	5,215	6,263	4,156	3,524
—उत्तीर्ण उम्मीदवारों की कुल सं.	266	619	438	489
—सफलता का प्रतिशत	5.10	10.36	10.54	13.88

7.2 सन 1987 में काठमाण्डू, जम्मू एवं अम्बाला में प्रयोग के तौर पर खोले गये परीक्षा केन्द्र वर्ष के दौरान भी जारी रहे। इनके अतिरिक्त प्रयोग के तौर पर एक नया परीक्षा केन्द्र यमुनानगर में तथा दूसरा हैदराबाद में खोला गया। परीक्षा केन्द्रों की पूरी सूची परिशिष्ट 11 में दिया गया है।

7.3 इन परीक्षाओं में जिन उम्मीदवारों को पुरस्कार एवं योग्यता प्रमाणपत्र पुरस्कृत किये गये, के नाम परिशिष्ट 12 में दिये गये हैं।

8. क्षेत्रीय परिषदें तथा क्षेत्रीय परिषदों की शाखाएं

8.1 नई शाखाएं/चेप्टर

वर्ष के दौरान (अप्रैल, 1988 से सितम्बर, 1989 तक) परिषद ने निम्नलिखित नई शाखाओं को स्थापना की अपनी सहमति दे दी है:

तिरुपुर, अलवर और वाराणसी

इन शाखाओं की स्थापना से देश भर में क्षेत्रीय परिषदों की कुल शाखाओं की संख्या 74 तक पहुंच गई है। ।.

8.2 भवन

परिषद द्वारा क्षेत्रीय परिषदों की शाखाओं को भवन निर्माण हेतु दी जाने वाली अनुदान राशि में लचीलापन किये जाने से बड़ी संख्या में शाखाओं ने अपने लिये भवन निर्माण हेतु जमीन खरीदी है तथा कहीं बने बनाए भवन खरीदे हैं। अब तक निम्नलिखित शाखाओं ने अपने लिये भवनों का निर्माण कर लिया है:

आगरा, अहमदाबाद, अलेप्पी, बड़ौदा, कोयम्बटूर, कालीकट, इरनाकुलम, कोट्टायाम, पूना, सूरत और त्रिचूर।

निम्नलिखित शाखाओं ने शाखाओं हेतु भवन निर्माण हेतु जमीन खरीद ली है और निर्माण कार्य की तैयारी में है:

हैदराबाद, जयपुर, लखनऊ, मदुराई, पालघाट और त्रिवेन्द्रम।

8.3 सर्वोत्तम क्षेत्रीय परिषद के लिए चलायमान शील्ड

सन 1986-87 से इंस्टीट्यूट सर्वोत्तम क्षेत्रीय परिषद को एक चलायमान शील्ड से पुरस्कृत किया जाता है। यह पुरस्कार क्षेत्रीय परिषद की समस्त कार्यकलापों के आधार पर दिया जाता है। वर्ष 1987-88 के लिए यह पुरस्कार दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद ने जीता था। वर्ष 1988-89 के लिये यह शील्ड पश्चिम भारत क्षेत्रीय परिषद को दी जा रही है।

क्षेत्रीय परिषद की शाखाओं को अधिक कार्यशील होने तथा सदस्यों को और अच्छी सेवाएं प्रदान करने के लिए उत्साहित करने हेतु इंस्टीट्यूट प्रत्येक वर्ष सर्वोत्तम शाखा को चलायमान शील्ड से पुरस्कृत करती है। शाखाओं के कार्यकलापों के मूल्यांकन हेतु इंस्टीट्यूट ने न्यूनतम कार्य प्रदर्शन के कुछ सिद्धान्त प्रतिपादित किये हैं शाखाओं के कार्यकलापों को इन न्यूनतम कार्य सिद्धान्तों के आधार पर आंका जाता है और शील्ड पुरस्कृत की जाती है। वर्ष 1987-88 में मध्य भारत क्षेत्रीय परिषद की शाखा जयपुर ने यह शील्ड प्राप्त की थी। यह शील्ड शाखा के अध्यक्ष (सभापति) को 15 सितम्बर, 1988 को इंस्टीट्यूट के वार्षिक समारोह में प्रदान की गई। वर्ष 1988-89 के लिये यह शील्ड दक्षिण भारत क्षेत्रीय परिषद की शाखा हैदराबाद को दी जा रही है।

9. वित्त एवं लेखा

31 मार्च, 1989 के लिये तुलनपत्र तथा इसी तिथि को समाप्त हुए वर्ष के लिये आय और व्यय के लेखे को परिषद ने अपनी स्वीकृति दे दी। आय और व्यय का लेखा 33.24 लाख रुपये का शेष (बचत) प्रदर्शित करता है जो कि इससे पिछले वर्ष के लिये 64.31 लाख रुपये था।

10. प्रशंसा

परिषद इंस्टीट्यूट के उन समस्त सदस्यों का आभार प्रकट करती है, जिन्होंने इंस्टीट्यूट की अनेक समितियों में मनोनीत सदस्यों के रूप में काम किया और उन समस्त गैर-सदस्यों के प्रति भी आभार प्रकट करती है जिन्होंने परिषद को उसके शैक्षणिक, तकनीकी, दूसरी अन्य गतिविधियों तथा परीक्षाओं के आयोजन में सहायता की है।

परिषद सरकार तथा परिषद में सरकार द्वारा मनोनीत सदस्यों का पूरे वर्ष के दौरान परिषद को प्राप्त समर्थन एवं सहायता की भूरि-भूरि प्रशंसा करती है तथा इनके प्रति अपना आभार व्यक्त करती है।

परिषद इंस्टीट्यूट के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के द्वारा वर्ष भर बड़ी तत्परता, कुशलता एवं ईमानदारी से किये गये कार्य को स्वीकार करती है तथा इसकी काफी प्रशंसा करती है।

के. जी. सोमानी, अध्यक्ष
एस पी. नरसिम्हन, सचिव

नई दिल्ली, 11 सितम्बर, 1989

परिशिष्ट 11

(सन्दर्भ रिपोर्ट का पैरा 1.1)

13 वीं परिषद के सदस्य

श्री अग्रवाल, के. एम.	(नई दिल्ली)
श्री बालाकृष्णन, आर.	(मद्रास)
श्री बनर्जी, भास्कर	(कलकत्ता)
* श्री बन्सल, आर. एन.	(नई दिल्ली)
श्री भण्डारी, एम. एम.	(जयपुर)
श्री चक्रवर्ती, ए. के.	(कलकत्ता)
श्री छाजेड़, एम. पी.	(बम्बई)
श्री चितले, एम. एम.	(बम्बई)
श्री दलाल, ए. एच.	(बम्बई)
श्री दासगुप्ता, एस. के.	(कलकत्ता)

*श्री घोष, ए.	(बम्बई)
श्री जैन, आई.सी.	(बम्बई)
श्री काले, वाई एम.	(बम्बई)
*श्री मेहता, कान्ती	(जमशेदपुर)
श्री मित्तल, सी पी.	(नई दिल्ली)
श्री नायर, पी.ए.	(बम्बई)
श्री नन्दगोपाल, एम.	(मद्रास)
श्री नारायनस्वामी, जी	(मद्रास)
श्री पटेल, मनुभाई जी.	(अहमदाबाद)
श्री पोडार, एन. के.	(हैदराबाद)
*श्री रमन, बी एन.	(हैदराबाद)
श्री राठी, आनन्द	(बम्बई)
श्री राव, बी.पी.	(बंगलोर)
श्री शर्मा लक्ष्मीनिवास	(हैदराबाद)
श्री सोमानी, के. जी.	(नई दिल्ली)
श्री सुन्दरराजन, एम. सी.	(मद्रास)
*श्री तिवारी, सी. के.	(नई दिल्ली)
डा. वैश्य, आर. सी.	(कानपुर)
श्री वासुदेवा, एम सी.	(नई दिल्ली)
श्री विश्वनाथ, टी.एस.	(नई दिल्ली)

* केन्द्रीय सरकार द्वारा मनोनीत

परिशिष्ट 2

(सन्दर्भ रिपोर्ट का पैरा 1.1)

चौदहवीं परिषद के सदस्य

श्री अग्रवाल, के. एम.	(नई दिल्ली)
श्री बनर्जी, भास्कर	(कलकत्ता)
* श्री बन्सल, आर. एन	(नई दिल्ली)
श्री भण्डारी, एस. एस.	(जयपुर)
श्री चक्रवर्ती, ए.के.	(कलकत्ता)
श्री छाजेड़, एस.पी.	(बम्बई)
श्री चितले, एम एम	(बम्बई)
श्री दलाल, ए. एच.	(बम्बई)
* श्री गुप्ता, जी.एन.	(नई दिल्ली)
श्री गुप्ता, एन. डी.	(नई दिल्ली)
